an>

Title: Need to establish a Sainik School/Military School in Meerut, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ)ः देश में वर्तमान में केवल पांच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल हैं तथा 25 सैनिक स्कूल हैं। दिनांक 26 फरवरी, 2016 को प्रकाशित रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार 11 और सैनिक स्कूलों को स्थापित किए जाने का सिद्धान्ततः निर्णय लिया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोई सैनिक स्कूल नहीं है तथा प्रस्तावित 11 सैनिक स्कूलों में से तीन उत्तर प्रदेश के झांसी, मैनपुरी एवं अमेठी में स्थापित किए जाने हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगभग छह करोड़ की आबादी के लिए कोई सैनिक स्कूल नहीं है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में सैनिकों तथा सैन्य अधिकारियों का चयन होता है।

सरकार से अनुरोध है कि वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की शौर्य परम्परा तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मेरठ में एक राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अथवा सैनिक स्कूल की स्थापना करने का कष्ट करें।